


हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 29 जनवरी 2024



12 प्रतिभूति बाजार में जागरूक रहकर करें निवेश : जावरे





10 जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा...






# जहां की 30 साल मजदूरी, विधायक बनकर वहीं बने मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

डिप्टी सिंगल नागपुर (महाराष्ट्र) में आयोजित मड़ई कार्यक्रम में शामिल होने साजा विधायक ईश्वर साहू दो दिवसीय दौरे पर नागपुर पहुंचे हैं। अपने बीच मजदूरी करने वाले को एक विधायक के रूप में देखकर लोगों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा था। लोगों ने विधायक श्री साहू का आत्मीय स्वागत किया।

ईश्वर साहू ने मंच से सभी को प्रणाम करते हुए कहा कि, नागपुर उनकी कर्मभूमि है यहां उन्होंने 30 साल तक मजदूरी से लेकर रिक्शा चलाने, गन्ना जूस बेचने तक का कार्य किया है। अपने जिंदगी के अनेक उतार-चढ़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि यहां के लोग उनके परिवार की तरह हैं।उनके सुख-दुख में वह हमेशा उनके साथ रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विधायक ईश्वर साहू का अभिनंदन किया। विधायक ने उन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र में आने का न्योता दिया। दो दिवसीय प्रवास के दौरान विधायक श्री साहू उन जगहों पर भी पहुंचे जहां उन्होंने कभी मजदूरी की थी। अपने पुराने साथियों से मिलकर भावुक होकर मुलाकात करते हुए कहा कि उनके बीच नहीं रहने का दर्द उन्हें भी है। इस दौरान वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार के स्मृति भवन पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक के साथ महाराष्ट्र दौरे में जिला पंचायत सदस्य गुड्डा पटेल, हनुमत साहू, आयुष शर्मा, प्रेमलाल साहू सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हैं।

## साजा विधायक ईश्वर साहू की राम कहानी

**खास बातें**

- केन्द्रीय मंत्री नितीन गडकरी ने किया विधायक का सम्मान
- पुराने साथियों से मिलकर भावुक विधायक ने किया सभी को प्रणाम



## खबर संक्षेप

### अनुपस्थित बच्चों के घर पहुंचे शिक्षक

**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिर्री के शिक्षकों द्वारा वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए लंबे समय से अनुपस्थित छात्रों के पालकों से शनिवार को संपर्क किया गया। जिसके बाद पालको ने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि सोमवार से बच्चे स्कूल जाएंगे। प्रधान पाठक आदित्यनाथ, शिक्षक दुकेश मारकंडे, कनक सिंह, तालसिंह डाहरे, गोकुल यादव व मनीष सिंह द्वारा विशेष अभियान चला कर बच्चों के घर जाकर लंबे समय से स्कूल व शिक्षा से दूर रह रहे बच्चों को स्कूल से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने गांवों का किया दौरा, योजनाओं की जमीनी हकीकत देखी

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डीलोहरा विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर विकास कार्यों का जायजा लिया। इसके साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों से सीधे रूबरू होकर इन योजनाओं की समुचित क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत की पड़ताल की। उन्होंने ग्राम सिवनी के कचरा संग्रहण केंद्र पहुँचकर स्वसहायता समूह की महिलाओं से बातचीत कर कचरा संग्रहण के कार्य संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही वे ग्राम गुरामी भी पहुँचे, जहां जल–जीवन मिशन के कार्यों का अवलोकन करते हुए पानी की आपूर्ति के लिए निर्मित पानी टंकी का भी जायजा लिया। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को जल जीवन मिशन अंतर्गत शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कर गांव के सभी घरों में पानी की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पानी की टेस्टिंग रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करने को कहा। अपने प्रवास के दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने ग्राम करियागोंदी के प्रगतिशील कृषक तिहारू राम के खेत में पहुँचकर राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत किए जा रहे सब्जी उत्पादन के संबंध में जानकारी ली।

### प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास भंवरमरा का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास भँवरमरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वहाँ निवासरत विद्यार्थियों से चर्चा कर छात्रावास में मिलने वाले भोजन, नाश्ता, आवास, पाठ्य सामग्री आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से उनके निर्धारित लक्ष्य के संबंध में भी जानकारी ली। कक्षा 10वीं के विद्यार्थी मोहित कुमार ने इंजीनियर बनने की बात कही। चन्द्रवाल ने विद्यार्थियों को समझाईश देते हुए कहा कि छात्र जीवन व्यक्ति के जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण कालखण्ड है, इसका निरंतर सजग एवं जागरूक रहकर सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षक राहुल सिरमोर से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास परिसर में लगी बागवानी की सराहना भी की।

## निरीक्षण : कलेक्टर ने पुराने भवन की साफ-सफाई व मरम्मत के दिए निर्देश

# पुराने कलेक्टर कार्यालय में खुलेगी लाइब्रेरी

### एसडीएम, तहसील कार्यालय, सीएमएचओ, आईटीआई नगर पालिका कार्यालयों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय, तहसील, ज़िला मुख्यालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय, पुराना कलेक्ट्रेट भवन और शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का निरीक्षण किया। उन्होंने इन सब कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। तहसील में जारी मरम्मत कार्यों के निरीक्षण के साथ ही आगामी लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रख जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली।

### राजस्व संबंधी कार्य समय-सीमा में करें पूर्ण

उन्होंने तहसील में राजस्व संबंधी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने, आवेदनों के निराकरण की स्थिति, कार्यालय प्रबंधन, साफ-सफाई का भी जायजा लिया। आगामी लोकसभा चुनाव कि तैयारियों के संबंध में एसडीएम सुश्री सुरुचि से चर्चा की।

तहसील कार्यालय के समस्त रिकार्ड रूम का मूल्यांकन करने तथा राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि को तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। एसडीएम सुश्री सुरुचि सिंह ने लम्बित प्रकरणों का निराकरण के साथ ही सीमांकन, भू-आबंटन, भू-अर्जन आदि के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने न्यायालयीन कार्यों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने को कहा। तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रूम देखा और उसे व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील परिसर को हरा-भरा करने, वाहन पार्किंग, साफ-सफाई बेहतर से बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कानून भू-शाखा, वीसी कक्ष सहित अन्य शाखाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने कोटवारों के स्वास्थ्य परीक्षण कराने को भी कहा।

### पुस्तकालय के लिए देखी जगह

बाद में उन्होंने प्रस्तावित नवीन पुस्तकालय हेतु स्थल एवं भवन की आवश्यकता को देखते हुए आई.टी.आई कॉलेज पुराने कलेक्टर कार्यालय (बन्द पड़े) पुराने भवन की साफ-सफाई व मरम्मत के निर्देश दिये। साथ ही पुस्तकालय के साथ अध्ययन हेतु रीडिंग रूम व भवन के ऊपरी तल का उपयोग कर भवन को उत्कृष्ट शैक्षणिक व अध्ययन-अध्यापन केन्द्र के रूप में स्थापित किए जाने हेतु संबंधितों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर के साथ तहसीलदार परमानन्द बंजारे, नायब तहसीलदार राजश्री पाण्डेय व जयंत पटले तथा सी.एम.ओ भूपेन्द्र उपाध्याय उपस्थित थे।



**आईटीआई की सुविधाएं जांची :** कलेक्टर श्री शर्मा ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवसायिक गतिविधियां शुरु करने ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों के संबंध में जानकारी ली तथा सभी कक्षों का निरीक्षण किया। आईटीआई के भवनों सहित प्रयोगशाला, लाईब्रेरी, पेयजल, बिजली की व्यवस्था तथा कम्प्यूटर, उपकरणों इत्यादि की उपलब्धता देखी। उन्होंने कहा कि आईटीआई कोर्स उन छात्रों के लिए एक अच्छा विकल्प है जो 10वीं या 12वीं कक्षा के बाद व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। आईटीआई कोर्स से छात्रों को विभिन्न ट्रेडों में कौशल और ज्ञान प्राप्त होता है, जो उन्हें रोजगार पाने में मदद करता है। इसलिए यहां सभी सुविधाएं होनी चाहिए।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में होंगी सुविधाएं

नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण कर निर्माणाधीन व प्रचलित कार्यों की जानकारी ली तथा स्वीकृत कार्यो को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के आदेश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया ।

निर्माणाधीन शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को जल्द पूरा करने को कहा। उन्होंने एनएचएम के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली और विशेष रूप से टीकाकरण एवं संस्थागत प्रसव, परिवार कल्याण तथा गर्भवती महिलाओं की जांच लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि अर्जित करने कहा।

सीएमएचओ कार्यालय की सामान्य शाखा, लेखा शाखा, संस्थापन शाखा, जिला तम्बाकू प्रकोष्ठ, एनएचएम, एनसीडी व पीसीपीएनडीटी सैल, जिला औषधि भंडार इत्यादि के कक्षों का निरीक्षण किया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 16 पुलिसकर्मी हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल परेड ग्राउण्ड के मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों को मुख्य अतिथि मंत्री दयालदास बघेल ने जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता व जिले के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्मानित किया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत, निरीक्षक भावना सिंह, उप निरीक्षक योगेश अग्रवाल, सउनि कृष्ण कुमार क्षत्रीय, प्रधान आरक्षक गोविंद सिंह, लोकेश सिंह, खुबचंद बघेल, महिला प्रधान आरक्षक अनुपमा दुबे, आरक्षक संजय पाटिल, कवि राजपूत, मनीष देवांगन, अमरदीप लहरे, अंश प्रताप, कमलेश नवरत्न, मुकेश राजपूत को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## रक्तदान कर जमा किया 16 यूनिट ब्लॅड



**बेमेतरा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस प्रशासन एवं नगर पालिका के तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन गांधी भवन बेसिक स्कूल मैदान में किया गया। शिविर में पुलिस, नगर पालिका के स्टॉफ आदि ने स्वेच्छा से रक्तदान कर 16 यूनिट ब्लड डोनेट किया।

शिविर में कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज़िला पंचायत लीना मंडावी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल भी पहुंचे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एल टंडन ने शिविर के बारे में बताया। सिविल सर्जन डॉ. एस.आर. चुरेंद्र ने कार्यक्रम की जानकारी दी। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पूजा पटेल, विजय कुमार दौरे, एम.एल. टी. भूपेंद्र कुर्रे, संजय तिवारी, पुष्कर अवस्थी, विष्णु पटेल, कुलेश्वरी साहू, विनेश्वर जायसवाल शामिल थे।

रक्तदाताओं के नाम :- सूरज सिन्हा, फलेश मधुकर, राम अवतार रजक, राहुल साहू, रवि पाटिल, रिंकू साहू, अजय, बृज किशोर, योगेश अग्रवाल, भूपेंद्र उपाध्याय, अभिनव, चंदेश्वर दास मानिकपुरी, सुरेश पटेल, डॉक्टर पूजा पटेल, शशांक तंतुवाय, संदीप साहू।

## बंदियों को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा व्यवहार न्यायधीश वर्ग 01 सचिव जसविंदर कौर अजमानी मलिक के निर्देशन पर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास बेमेतरा में गणतंत्र दिवस पर विधिक जागरूकता रैली आयोजित कर स्कूली छात्राओं को कानूनी जानकारी दी गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वॉलिंटियर्स द्वारा बालिकाओं को गणतंत्र दिवस पर स्लोगन एवं रैली के नाध्यम से आमजनों को भी कानून के प्रति जागरूक रहने हेतु बाल विवाह, बाल श्रम निषेध, नशा मुक्ति जीवन जीने हेतु प्रोत्साहित करना, नवीन मोटरयान दुर्घटना हेतु ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता, पर्यावरण प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर सचिव जसविंदर कौर अजमानी मलिक द्वारा जेल बंदियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्हें गणतंत्र दिवस का महत्वता बताते हुए उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दिया गया। जेल में निरूद्ध बंदियों को लीगल डिफेंस कौंसिल सिस्टम कार्यालय से दिनेश तिवारी, डिप्टी चीफ मोतीलाल वर्मा, अधिवक्ता विवके तिवारी एवं अधिवक्ता प्रदीप शर्मा द्वारा भी बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। समस्त कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वॉलिंटियर्स सुश्री सोनिया राजपूत, टुवेन्द्र सिंह वर्मा, चेतन सिंह पवन कुमार साहू, देवेन्द्र यादव, पंकज घृतलहरे, स्वाति कुंजाम, चंद्रकिशोर राजपूत उपस्थित रहे।




## अनेकता में ही एकता भारत की शान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर बेमेतरा विधानसभा के ग्राम कोहड़िया में शहीद मुकेश वर्मा के स्मृति में राज्य स्तरीय छटवा साल बेमिसाल झमा झम डीजे डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम में पहुंचे सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि हम एक बहुत ही विशेष मौके पर इस कार्यक्रम में इकट्ठे हुए हैं। क्योंकि आज ही के दिन हमारे देश में संविधान लागू हुआ था। हमारे देश के संविधान को लागू किए हुए 75 वर्ष हो गए हैं और यह दिन हमारे लिए बहुत ही विशेष दिन है। इस अवसर पर सरपंच पुनीतराम वर्मा, सदस्यगण डिमेंद्र, मनीराम, मनीष, जितेंद्र, दुर्गेश, राजेंद्र, डागेश, कौशल, चंद्रशेखर, विनोद, निखिल, रोहित, अमन , देव, अनुराग, चयन, रूपेश, विष्णु,सूरज, हीरालाल आदि मौजूद थे।

## ताश खेलते 3 पकड़ाए 13 हजार नकद जब्त

**बालोद।** शहर के तीन जुआरियों को कोरगुड़ा के जंगल में ताश खेलते पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा है और उनके कब्जे से नगदी 12 हजार 960 रुपये जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम कोरकुडा कोलियारी खुर्द जंगल में शाम करीब 6 बजे शहर के तोप बहादुर शर्मा पिता स्व सुरेश बहादुर शर्मा 40 वर्ष, रिंकू अग्रवाल पिता स्व राजकुमार अग्रवाल 48 वर्ष और रंजीत कविराज पिता माधो कविराज 42 वर्ष तीनों 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मौके में पहुंचकर तीनों को पकड़ा और उनके कब्जे से नगदी रकम 12960 रूपये व ताश के 52 पत्ता ताश जब्त किया गया। उनके विरूद्ध प्रकरण धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मौके पर कार्रवाई की गई।

## लंबित आरक्षण संशोधन विधेयक लागू करने की मांग

# ओबीसी महासभा ने राज्यपाल-सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राजभवन में लंबित आरक्षण संसोधन विधेयक पर हस्ताक्षर करने ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश बेमेतरा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 दिसंबर 2022 को आरक्षण संशोधन विधेयक पारित किया है उसे लागू किया जाए।

ज्ञापन में ओबीसी महासभा ने कहा कि देश की संघीय संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार सामाजिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े हुए समुदाय को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के रूप में तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है। सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति के आधार पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को समानता के अवसर उपलब्ध कराते हुए समुचित विकास एवं उत्थान की व्यवस्था किया गया है। तदानुसार केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति को 15% अनुसूचित जनजाति को 7.5% एवं राज्य शासन द्वारा अ. जा. को 12% अ. ज. जा. को 32% आरक्षण का प्रावधान लगभग आबादी के बराबर किया गया है। केंद्र सरकार ने मंडल आयोग के अनुशंसा अनुसार संविधान लागू होने के 44 साल बाद सुप्रीम कोर्ट के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। साथ ही राज्यों की स्थिति के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग को राज्य शासन के द्वारा आरक्षण सुनिश्चित करने का अधिकार दिया गया है, किंतु अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय को अविभाजित मध्य प्रदेश में मात्र 14% आरक्षण शिक्षा एवं रोजगार में दिया गया, जो की आज पर्यंत छत्तीसगढ़ राज्य में लागू है। बहुसंख्यक ओबीसी समुदाय को आबादी के अनुरूप हिस्सेदारी (आरक्षण) प्रदान नहीं करने के कारण प्रदेश की ओबीसी समुदाय के समुचित विकास एवं उत्थान में अपरिमित नुकसान हो रही है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 दिसंबर 2022 को आरक्षण संशोधन विधेयक पारित कर महामहिम राज्यपाल के हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया गया था, जिसमें अनुसूचित जनजाति को 32% अनुसूचित जाति को 13% अन्य पिछड़ा वर्ग को 27% तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 4% आरक्षण का प्रावधान किया गया है। ओबीसी महासभा मांग करती है कि तत्काल छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 दिसंबर 2022 को आरक्षण संशोधन विधेयक पारित किया है उसे लागू किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से पंचम साहू अध्यक्ष, रोमन लाल जायसवाल सलाहकार, नानकराम साहू उपाध्यक्ष एवं ओबीसी महासभा के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।





## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### फागुनदाह में मनाई गई निषाद जयंती

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में निषाद जयंती मनाई गई। इसमें महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई। साथ ही बाजे गाजे के साथ ग्राम भ्रमण किया गया। इससे पूरा ग्राम भक्तिमय हो गया।

### ग्राम चीचा में मानसगान महोत्सव 2 फरवरी से

**अंडा।** सियाराम मानस समिति एवं समस्त ग्रामवासी चीचा (अर्जुन्दा) के तत्वावधान में तीन दिवसीय सस्वर मानसगान महोत्सव 2 फरवरी से रखा गया है। समिति के सदस्य विनय साहू ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### दुपचेरा में गांधी जी की पुण्यतिथि पर जिलास्तरीय कार्यक्रम 30 को

**गुरूर।** ग्राम दूपचेरा में 30 जनवरी को गांधी जी की पुण्यतिथि पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत प्रार्थना, प्रभातफेरी, गौमाता को खिचड़ी खिलाना, दीप प्रज्वलन, अतिथि स्वागत, आभार प्रर्दशन, श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा होंगी, अध्यक्षता खेदू राम साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि खाम्हन लाल शांडिल्य, रामकिशोर साहू, सन्तोष साहू, दीनदयाल चौधरी, मदन साहू, भानुराम साहू, इंदलसिंह साहू, कृपाराम साहू, परसराम साहू, शिवकुमार साहू, अरुण प्रजापति, सेवाराम तेजस्वी, सेवक राम नेले, डीआर गजेंद्र, ललिता पिमन साहू, एस कलिहारी, गैंदलाल सोनबोईर, लच्छूराम देशलहरे, राधिका साहू, भारती मरकाम, निलांबर साहू, देवगन नागवंशी, प्रेमसाय कलिहारी, लीला पंचांगम, निर्मला रायपुरिया, नीरा साहू, चंद्रिका पंचांगम, कार्तिक राम रायपुरिया होंगे एवम मंच संचालक विनेश गजेंद्र होंगे। आयोजन ग्रामीण सर्वोदय समिति एवं समस्त ग्रामवासी दुपचेरा तथा बालोद जिला सर्वोदय मंडल के संयोग से किया जा रहा है।

### हितेकसा में शुरू हुई दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता

**गुरूर।** जय मां शारदा महिला मानस मंडली एवं ग्रामवासी हितेकसा के तत्वावधान में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सरपंच भूपेश कुमार हिरवानी ने कहा कि गांव में राम लला की पावन कथा को सुनमर जीवन में चरितार्थ करें। राम नाम का गुनगान करें। अध्यक्षता कर रहे व्याख्याता दानीटोला बालोद सोमन नागवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विख्यात मानस मंचों द्वारा ख्याति प्राप्त मंडलियों के माध्यम से कथा श्रवण करने का अवसर मिलेगा। रामचरित मानस के आनंद लें और भगवान के भक्ति का लाभ लें। कार्यक्रम में मंडावी अघनू राम साहू अतिथि के रुप में शामिल हुए। समिति अध्यक्ष फाग बाई साहू ने बताया कि 29 जनवरी को पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति मीना सत्येंद्र साहू होंगी, अध्यक्षता जनपद सदस्य कुलेश्वरी गावडे करेंगी। अतिथि लेखापाल गुरुर रुखमणी नागवंशी, सरपंच भूपेश हिरवानी, ग्राम पटेल महेश मंडावी, धनसिंह गंजीर, मंशा कुंजाम, सगनू कोवाची, रामकुमार कोर्राम, नेत राम मंडावी, पोषण गुरुपंच के आतिथ्य में होगा।

## निधन

### सेवा सिंह ओबेरॉय



**दल्लीराजहरा।** स्थानीय निवासी वर्तमान में दुर्ग पद्मनापुर निवासी सरल सीधे और मधुर व्यवहार के समाजसेवी सेवा सिंह ओबेरॉय का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को दुर्ग निवास स्थान से निकाली जाएगी। वे कवलजीत सिंह ओबेरॉय के पिता थे।

**पर्व : अंचल में धूमधाम से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस**

# जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा, हुए कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

अंचल में 75 वाँ गणतंत्र दिवस पूरे जोश व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत कुसुमकसा में सरपंच शिवराम सिन्द्रामे ने ध्वजारोहण किया। बस स्टैंड चौक में नमकलाल रावटे, दीप चौक में श्यामलाल ठाकुर ने ध्वजारोहण किया।

साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला क्रमांक -1 व 2, कन्या प्राथमिक शाला,कन्या पूर्व माध्यमिक शाला ,बालक पूर्व माध्यमिक शाला ,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ,सरस्वती शिशु मंदिर ,कुसुम पब्लिक स्कूल ,आर्युवेदिक औषधालय ,पशु चिकित्सालय ,आदिम जाति सेवा सहकारी समिति ,वन विभाग, समस्त आंगनबाड़ी केंद्र ,उप स्वास्थ्य केंद्र ,सहित ग्राम के ,बैगा पारा चौक,आदर्श चौक,आजाद चौक ,क्रांति चौक ,शांतिनगर सहित चौक चौराहों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया व बूंदी का वितरण किया गया। गणतंत्र दिवस पर समस्त शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने नगर का भ्रमण किया। ग्राम पंचायत कुसुमकसा द्वारा हाईस्कूल मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ थे। वहीं, शिवराम सिन्द्रामे सरपँच ग्राम पंचायत कुसुमकसा की अध्यक्षता व दीपक यादव की सह अध्यक्षता व संजय बैस, श्यामलाल ठाकुर ,प्रकाश गुणधर, अमाय नागवंशी पूर्व सरपंच के विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। इस दरम्यान समस्त शैक्षणिक संस्थानों के बच्चों ने पृथक-पृथक देश भक्ति से ओतप्रोत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सभी शैक्षणिक संस्थानों के प्रधानपाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व ग्रामीणजन उपस्थित थे।





### राहुद में गणतंत्र दिवस पर हुआ युवा खेल महोत्सव

**गुण्डरदेही।** ग्राम राहुद में गणतंत्र दिवस के अवसर पर गांव के सैनिक ग्राउंड में युवा खेल महोत्सव का आयोजन किया गया था। बालिका वर्ग 16 सौ मीटर दौड़ में प्रथम नीता राजनांदगांव, द्वितीय छविता अछोटी व तीसरा नम्रता अंडा ने हासिल किया। वहीं, लंबी कूद बालिका वर्ग में प्रथम नीता राजनांदगांव, द्वितीय छविता अछोटी व तीसरा स्थान रूपाली बालोद ने हासिल किया है। गोला फेंक बालिका वर्ग में प्रथम नम्रता अंडा, द्वितीय डोमेश्वरी बालोद व तीसरा स्थान रूपाली बालोद रही। बालक वर्ग पांच किलोमीटर दौड़ में प्रथम सूरज निषाद दल्लीराजहरा, द्वितीया दानेश्वर भिलाई व तीसरा स्थान जयंत नवगाव रहा, गोला फेंक बालक वर्ग में प्रथम स्थान यशपाल, द्वितीया खिलेश्वर व तीसरा स्थान राहुल ने बाजी मारी। लंबी कूद बालक वर्ग में प्रथम रूपेंद्र, द्वितीय जयंत व तीसरा स्थान विश्वा ने हासिल किया। ऊंची कूद बालक वर्ग में प्रथम रूपेंद्र, द्वितीय खिलेश व तीसरा स्थान जयंत ने प्राप्त किया।



### मां बहादुर कलारिन में मना गणतंत्र दिवस

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर में 26 जनवरी के अवसर पर ध्वजारोहण कर महापुरुषों व मां भारती की पूजा-अर्चना करने के बाद ध्वजारोहण किया गया। प्राचार्य डॉ.नाजमा बेगम ने बताया कि छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज के पूर्व मंडेश्वर डॉ. घनश्याम सिन्हा, डड़सेना कलार समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष विनेश गजेंद्र, जिला के महामंत्री चन्द्रहास सिन्हा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नाजमा बेगम, महाविद्यालय स्टाफ मनोहर लाल सिन्हा, रामस्वरूप सिन्हा, डोमेश कुमार सिन्हा, डोमेश कुमार निर्मलकर, दामिनी साहू, प्रेरणा गंगेर, उपासना गंजीर, प्रशांत कुमार, नरेंद्र कुमार खोबरागड़े, प्रवीण दुबे, हुमन गंजीर, राकेश कुमार पारकर, निर्मल सिन्हा महाविद्यालय के स्टाफ व समस्त छात्र–छात्राएं पूर्व छात्र–छात्राएं गुरुर नगर के नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। प्राचार्य का उद्बोधन, महाविद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, साथ ही समस्त अतिथियों द्वारा उद्बोधन किया गया।



### सेजस जामगांव आर प्राचार्य राजेश ने फहराया तिरंगा

**जामगांव आर।** सेजस जामगांव आर प्राचार्य राजेश पिल्लई ने गणतंत्र पर्व पर ध्वजारोहण करते हुए तिरंगा को सैल्यूट किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा आन बान और शान है, भारत माता का मान सम्मान है।

### स्वर्ण जयंती स्मारक पर किया गया ध्वजारोहण



**गुरूर।** नगर के बाजार चौक स्थित स्वर्ण जयंती स्मारक स्थल पर ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। एनसीसी के छात्रों ने परेड कर सलामी दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक भैय्या राम सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू, उपाध्यक्ष प्रमोद सोनवानी, पार्षद ललिता जामदार, गजेंद्र मंडावी, कल्याणपुरी गोस्वामी, मनोज सिन्हा, खिलानंद साहू, भूषणपुरी गोस्वामी, ओमप्रकाश साहू, रविकांत साहू, उमेश साहू एवं छात्र-छात्राएं उपास्थित थे।

## गोटाटोला के विद्यार्थियों ने निकाली प्रभातफेरी




**गुरूर।** गणतंत्र दिवस का पर्व प्राइमरी स्कूल गोटाटोला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण शाला प्रबंधन अध्यक्ष सुनैना बाई ने की। राष्ट्रगान के पश्चात बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल कर गली भ्रमण किया। जगह जगह ग्रामीण महिलाओं के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा कर आरती उतारी। बैंड बाजे की ध्रुन के साथ बच्चों ने स्कूल प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि सुनैना बाई थीं, अध्यक्षता परमेश्वर सिन्द्राम ने की। अतिथि रामजी कुंजाम, सुखराम नेताम उपस्थित थे। अतिथियों ने बच्चों के कार्यक्रम को सराहा एवं रामजी कुंजाम ने एक नारियल पेड लगाने का आश्वासन दिया। संचालन शिक्षक अभय राम धुवे एवं आभार शिक्षिका लालवती रैदास ने की। इस अवसर पर नारद राम, हरख राम, ममता सिन्द्राम, संतोषी नेताम, मोनिका, दियांशु राम, किरण सिन्द्राम, पूजा एवं शाला प्रबंधन के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नपं गुरूर में गणतंत्र दिवस पर लिया स्वच्छता का संकल्प



**गुरूर।** नगर पंचायत गुरुर कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यालय में उपस्थित पंचायत पदाधिकारियों कर्मचारियों एवं अन्य अतिथियों ने मिलकर भारत माता की जय और अन्य वीर शहीदों के जयघोष के नारे लगाए। गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर देश को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया एवं मिठाई वितरण कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया। इस दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत महिमा साहू, पार्षद ललिता जामदार, जितेंद्र ओझा, मुकेश साहू, भूषणपुरी गोश्वामी, ओमप्रकाश साहू, जीआर कुल्हाड़ा, सुबोध भंसाली, हेमलाल धुरवे, नगर पंचायत अधिकारी हितेंद्र यादव एवं नगरवासी उपस्थित थे।

### साहू संघ ने शान से लहराया तिरंगा



**दल्लीराजहरा।** स्थानीय साहू सदन में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शीबू नायर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, अध्यक्षता युवराज साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, विशेष अतिथि मोहन लाल साहू संरक्षक, पूर्व अध्यक्ष तोरण लाल साहू थे। साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू ने कहा कि हमारा देश 1947 को आजाद हुआ था, लेकिन देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए संविधान की आवश्यकता थी। एक संविधान तय करते हुए 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। इसी दिन को हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं, यह हमारा 75वां गणतंत्र दिवस है। समारोह को शीबू नायर, तोरण लाल साहू,महिला अध्यक्ष श्रीमती दामिनी साहू ने भी संबोधित किया। प्राची साहू एवं जिज्ञासा साहू के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई। इस दौरान रुप लाल साहू, राधेश्याम साहू, गोविन्द साहू, अंजू साहू , राधा साहू, द्रौपती साहू, संगीता साहू,शीतल साहू, धनराज साहू,रेवती साहू, कुन्ती साहू, छन्नू साहू, किशन साहू, मनोहर साहू, खूब लाल साहू, पूर्णिमा साहू,विमला साहू,चम्पा साहू,लिलेश्वरी साहू, खेमीन साहू,भोजेश्वरी,गायत्री साहू, राजकुमार, विजय साहू,रामसिंग, चेतन लाल, कल्याणी साहू, अनिता साहू, तनूजा,मंजू, तुमेश्वीरी, अनुसुइया, राधिका, भूमिका, गजेंद्र,जीवन, संतोष ऋषभ, देवेन्द्र,अनूज, नवीन, सुनील, दिनेश, शिवबती, रामेश्वर, धनीराम सहित समाज के लोग उपस्थित थे।



### संयुक्त खदान मजदूर संघ (एटक) ने मनाया गया गणतंत्र दिवस

**दल्लीराजहरा।** संयुक्त खदान मजदूर संघ (एटक) के न्यूनतम कार्यालय बीएसपी स्कूल क्रमांक 2 के सामने गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संयुक्त खदान मजदूर संघ के सचिव कामरेड कमलजीत सिंह मान की अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया। कामरेड कमलजीत सिंह मान ने उपस्थित सभी सदस्यों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए संविधान का निर्माण किया गया है, जो हमें अपने अधिकार और कर्तव्य की जानकारी देता है। इस अवसर पर तोरण लाल साहू, दान सिंह चंद्राकर, दानि साहू, पटेल विजय शर्मा चौधरी नवीन साहू, जीवन साहू, शिवप्रसाद साहू एवं अन्य बहुत से पदाधिकारी उपस्थित थे।

## असम राइफल्स के जवान योगेश ने स्कूल में दान किया वाटर प्यूरीफायर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही



गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम ईरागुड़ा के असम राइफल जवान योगेश पटेल ने अपने गांव के छोटे बच्चों के लिए शुद्ध पानी पीने के लिए वाटर प्यूरीफायर शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईरागुड़ा को दान दिया है।

यह दान योगेश पटेल की धर्म पत्नी दिव्या पटेल ने स्कूल पहुंचकर प्रदान किया। पटेल परिवार की सोच की पूरे गांव में प्रशंसा हो रही है, जिन्होंने गांव के छोटे-छोटे बच्चों के लिए सोचा। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक ने कहा कि श्री पटेल के इस कदम से अन्य लोगों को प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर सरपंच योगेश चन्द्राकर ने कहा कि स्कूल में दान करना पुण्य का काम है, साथ ही गांव वालों को भी पटेल जी से प्रेरणा लेकर स्कूल में अधिक से अधिक अपने इच्छानुसार दान करने की अपील की।

इस अवसर पर शाला परिवार के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाए एवं ग्राम पंचायत के उपसरपंच कामता निर्मलकर, रूमलाल कुर्रे, उत्तम साहू, नोहर चन्द्राकर, ब्रम्हा चन्द्राकर, गोविंद सिंह चन्द्राकर सहित ग्रामवासी व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### स्वच्छताग्राही समूह की बहनों से मिले कलेक्टर



**डौं डी लो हा रा ।** विकासखंड में अब डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य जोरों पर है। गांव-गांव में महिला समूह की स्वच्छाग्रहियां सुबह-सुबह ट्रायसिकल लेकर डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य करते नजर आती है। ऐसा ही नजारा शनिवार को जिला कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने डौंडीलोहारा विकास खंड के दौरा करने निकले तो ग्राम पंचायत सिवनी के कचरा संग्रहण शेड का निरीक्षण कर स्वच्छाग्रही समूह से जानकारी ली।

भारत माता वाहिनी स्वच्छाग्रही महिला समूह की अध्यक्ष श्रीमती भावना मंडावी ने कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल को जानकारी देते हुए बताया कि सप्ताह में दो दिन कचरा संग्रहण करने ग्राम पंचायत सिवनी का भ्रमण कर ट्रायसिकल से कचरा इकट्ठा कर कचरा संग्रहण शेड में लाकर छंटनी करते हैं। कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस क्रम को बनाये रखने कहा। कलेक्टर ने सीईओ रोशनी भगत टोप्पो से महिला समूह के आय के साधन के बारे में जानकारी लिया तो सीईओ ने बताया कि कचरा संग्रहण के कार्य में लगे महिला समूहों को प्रति माह पांच हजार रुपये प्रदान किया जा रहा है। जिला कार्यालय के निर्देश का पालन नहीं करने वाले लगभग 10 ग्राम पंचायत के सचिवों का जिन्होंने स्वच्छाग्रही समूहों का भुगतान नहीं किया है, का भुगतान इस माह रोक दिया गया है। निर्देश का पालन करते ही सचिव का वेतन प्रदान कर दी जायेगी। इस पहल के लिए सीईओ रोशनी भगत टोप्पो को कलेक्टर ने गुड कहकर शाबाशी दिया। स्वच्छाग्रही समूह की महिलाओं ने कलेक्टर को अपने बीच पाकर कलेक्टर का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अधिवक्ता संघ व न्यायिक अधिकारी कर्मचारियों के बीच हुई क्रिकेट स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ बालोद एवं न्यायिक अधिकारी कर्मचारी के मध्य टेनिस बॉल क्रिकेट मैच का आयोजन संस्कार शाला मैदान में किया गया। प्रथम मैच अधिवक्ता ए टीम एवं न्यायिक कर्मचारियों के मध्य खेला गया। जिसमे अधिवक्ता ए टीम विजयी रही।

इस मैच का मैन ऑफ द मैच अधिवक्ता ए टीम के कप्तान विजय बारले रहे तथा दूसरा मैच अधिवक्ता बी टीम न्यायिक कर्मचारी ए टीम के मध्य खेला गया। इसमें न्यायिक कर्मचारी ए टीम विजयी रही। उसके बाद दोपहर 3 बजे अधिवक्ता ए टीम एवं न्यायिक कर्मचारी ए टीम के मध्य फाइनल मैच खेला गया। इसमें अधिवक्ता ए टीम ने टॉस जीतकर पहले गेदबाजी का फैसला किया और न्यायिक कर्मचारी ए टीम टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और न्यायिक कर्मचारी ए टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 रन पर ऑलआउट हो गई, जिसे अधिवक्ता ए टीम मात्र 3 विकेट खोकर 7 विकेट से विजयी रही।

पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद डॉ प्रज्ञा प्रचौरी एवं अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति में किया गया। विजय बारले को मैन ऑफ द सीरीज एवं दिनेश गजेन्द्र को मैन ऑफ द मैच दिया गया। उक्त मैच में गिरीजा देवी मरावी, संरोजनंदन दास, एडीजे एवं अन्य न्यायाधीश तथा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय साहू एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे। पूरे मैच के दौरान आदिल सिद्दिकी अधिवक्ता ने अपने शानदार कमेंट्री से दर्शकों का मंत्रमुग्ध कर दिया।

## देश के भविष्य हैं नवमतदाता : ललित



**अंडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नव मतदाताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इसके तहत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम अंडा के शैल देवी महाविद्यालय अंडा में कार्यक्रम आयोजित कर नव मतदाताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुनाया गया। अजीत कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक ललित चंद्राकर, प्राचार्य डॉक्टर केन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष फते लाल वर्मा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजीत चंद्राकर, युवा मोर्चा राहुल भट्ट, मनोज चंद्राकर, अजय चौहान, लोकेश देवांगन, गब्बर साहू ,करण सेन, प्रशिक्षण अधिकारी कंप्यूटर गिरीश वर्मा, प्रशिक्षण अधिकारी विद्युतकर दुष्यंत दिल्लीवार, सहायक प्राध्यापक कंप्यूटर महेंद्र कौशिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देश का नव मतदाता आने वाले कल में देश का नेतृत्वकर्ता भी बन सकता है, लेकिन सबसे पहले वह अपने प्रथम वोट को लेकर संकोच की स्थिति में रहता है। वह सोच भी नहीं पता है कि किसे वोट दें या किसे वोट ना दे। पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन में युवाओं से कहां की राष्ट्रवाद की भावनाओं से जो भी पार्टी कार्य करती है जो देश को सर्वशक्तिमान आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की ओर सदैव अग्रसर रहती है उस पार्टी को वोट करें क्योंकि देश जब सुरक्षित रहेगा आत्मनिर्भर रहेगा तो हमारे देश की आने वाली पीढ़ी का भी जीवन सुगम रहेगा।

## प्राण के बिना शरीर और संस्कार के बिना जीवन व्यर्थ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



क्षेत्र के ग्राम कुथरेल में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पीठ आचार्य हरीश चतुर्वेदी ग्राम-साजा वाले ने राजा परीक्षित जन्म, शुकदेव भगवान का आगमन, सृष्टि उत्पत्ति व शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित ने सात दिन भागवत सुनकर किस तरह अपना उद्धार कर लिया, उसी तरह प्रत्येक व्यक्ति को भागवत का महत्व समझना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भागवत अमृत रूपी कलश है। जिसका रसपान करके आदमी अपने जीवन को कृतार्थ कर लेता है। इसलिए जहां भी भागवत होती है, अवश्य सुनना चाहिए। सृष्टि की रचना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, मनुष्य जीवन आदमी को बार-बार नहीं मिलता है इसलिए इस कलयुग में दया धर्म भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है। मनुष्य जीवन का महत्व समझते हुए भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। उन्होंने बताया कि, भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रूप में लिया। शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग बताते हुए कहा कि, यह पवित्र संस्कार है, लेकिन आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है। जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है, ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता। भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। आज कपिलोपाख्यान व ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई जाएगी। कल 30 जनवरी को प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, 31 जनवरी को श्री वामन अवतार, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 1 फरवरी को श्री कृष्ण बाल लीला, दही लूट, रूक्मिणी विवाह, 2 फरवरी को सुदामा चरित्र, 3 फरवरी को परीक्षित मोक्ष तथा चढ़ौत्री होगी। 4 फरवरी को गीता, तुलसी वर्षा, हवन होगा।

## राष्ट्रीय पर्व : स्कूलों में राष्ट्र भक्ति पर केन्द्रित कई कार्यक्रम हुए

# तिरंगे को किया प्रणाम और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में धूम मचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

गणतंत्र पर्व समारोह सेजस जामगांव आर में धूमधाम से मनाया गया। इस बार कार्यक्रम में रामोत्सव की झलक दिखाई दी। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई और ध्वजारोहण किया गया।

समारोह में सरपंच राजकुमार ठाकुर, पूर्व सरपंच शैलेंद्री मंडावी, सरस्वती शिशु मंदिर समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, रूपेंद्र शुक्ला, डा धर्मेंद्र निर्मल, डा केएस देवांगन, डा गुलाब साहू, समाजसेवी अंगेशवर साहू, अभिषेक चंद्रकार, डीडी मानिकपुरी, भारती सोनबेर, पंच नंदनी साहू, डा सीआर साहू, भेशलता देवांगन, स्वाति कोठारी, बलदाऊ राव उपस्थित थे। प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में संस्कार का आधारगत योगदान है और बच्चे जब स्वयं संस्कारगत मंचन करेंगे, तो उन पर अच्छा खासा असर पड़ना स्वाभाविक है। सरस्वती शिशु मंदिर व्यवस्थापक एके जैन ने कहा कि गणतंत्र प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करता है, जो गणतंत्र का पाठ ठीक से पढ़ लेते हैं समझ लेते हैं वे दुनिया के छल कपट से दूर अच्छा सा जीवन जीते हुए आगे बढ़ते चले जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन साहू एवं प्रसाद ने किया।

### सेजस जामगांव आर में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस





### अंचल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**जामगांव आर।** अंचल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में प्रभातफेरी के दौरान जिला केंद्रीय सहकारी बैंक एवं पशु चिकित्सालय में ध्वजारोहण किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में सीनियर प्रधानाचार्य पवन बंछोर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष बसंत शिंदे, व्यवस्थापक एके जैन, सह व्यवस्थापक डा एनके चंद्रवंशी, सदस्य डा केएस देवांगन, डा गुलाब साहू, गुण्डरदेही खंड संघ चालक इवन सिन्हा, एवन, सौरभ राठी, प्राचार्य पीएल बारले, प्रधानाचार्य भूमिका साहू सहित अन्य अतिथियों ने भारत माता की पूजा आरती की। साहू समाज परिक्षेत्रिय पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि गणतंत्र अनुशासन और मर्यादामय जीवन जीने के लिए लगाम है। वहीं, जामगांव आर थाना टीआई अम्बिका प्रसाद ध्रुव ने कहा कि संविधान गर्व के साथ जीवन जीने का हक सबको देता है। समारोह में खेमचंद साहू, गुंजन बंजारे, अजान बाई, रवि श्रीवास्तव, सुधा धुरव, गिरिजा बाई, छन्नू साहू, डीडी मानिकपुरी, देवेंद्री श्रीवास, डामिन सिन्हा, भानुप्रताप, दुष्यंत जोशी, दया बाई, रेखराम, दीपक यादव, यशवंत सहित संचालन प्रधानाचार्य भूमिका साहू ने किया।



### गुरुर जनपद में अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**गुरूर।** गणतंत्र दिवस पर जनपद पंचायत गुरुर में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रभात धुरवे, उपाध्यक्ष तोषण साहू, सदस्य आदित्य पीपरे, संध्या साहू, सभापति एस कुमार कलिहरी उपस्थित थे।

### 21 वीं बटालियन करकाभाट में मना गणतंत्र दिवस



**गुरूर।** 21 वीं बटालियन करकाभाट में 26 जनवरी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण 21 वीं वाहिनी भा.र.छसबल एसआर सलाम ने किया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित सेनानियों ने सलामी दी। शहीद जवान ललित कुमार के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर सहायक सेनानी त्रिभुवन वासनिक, सहायक सेनानी कंवर लाल नेताम, प्लाटून कमांडर जगन लाल साहू, रामजी ठाकुर एवं 21 वीं बटालियन के स्टाफ उपस्थित थे।

### मस्जिद सहन में लहराया तिरंगा



**डौंडीलोहारा।** नवनिर्वाचित नौजवान सदर जनाब आदिल सिद्दीकी के नेतृत्व में कौमी परचम तिरंगा मस्जिद सहन में लहराया गया। इस खास मौके पर मस्जिद को दुल्हन की तरह सजाया गया था। परचम तिरंगा लहराने के बाद राष्ट्रगान जन गण मन गया गया। उक्त अवसर पर सदर आदिल सिद्दीकी ने कहा कि हिंदुस्तान की आजादी में मुसलमान के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि कौम के लिए वफादारी मुसलमान का आधा ईमान है और मुल्क के लिए जान देना हमारी शान है। उसके बाद सभी लोगों को गुलाब जामुन खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम में आदिल सिद्दीकी, सद्दाम तिगाला, फिरोज़ कुरैशी, इसराइल खान,जाकिर तिगाला, गुलाम रसुल सिद्दीकी,मोहम्मद मलक कौनैन ख़ान, आसिफ सिद्दीकी, अब्दुल सादिक खान, अब्दुल जब्बार तिगाला,असलम तिगाला, अल्ताफ सिद्दीकी, सैय्यद शब्बीर अली,लईक खान, आमान सिद्दीकी,नवाब जिलानी, रिहान खान, शाकिर तिगाला,हबीब खान, बब्बू खान, अहमद सिद्दीकी, उस्मान तिगाला सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सीटू ने हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस



**दल्लीराजहरा।** हिंदुस्तान स्टील इंप्लाइज यूनियन सीटू ने गणतंत्र दिवस की 75वीं सालगिरह बड़े धूमधाम से मनाया। यूनियन कार्यालय में सुबह 7:30 बजे अध्यक्ष कामरेड पुरुषोत्तम सिमैया कार्यकारिणी अध्यक्ष कामरेड ज्ञानेंद्र सिंह, सचिव कामरेड प्रकाश सिंह छत्री के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कामरेड पुरुषोत्तम सीमैया ने कहा कि गणतंत्र दिवस का महापर्व हमें हमारे अधिकार और कर्तव्य की जानकारी देता है। 26 जनवरी 1950 को आज के दिन ही संविधान को लागू किया गया था। ज्ञानेंद्र सिंह कहा की कानून के कारण ही श्रमिकों को उनका हक मिल पाता है नहीं तो उद्योगपति हमेशा अपने श्रमिकों को दमन करने के लिए तैयार रहते हैं। मौजूदा कानून में कुछ संशोधन की जरूरी जरूरत है, जिसमें श्रमिकों को प्रत्येक माह के 10 तारीख के अंदर वेतन देने, एक दिन अवकाश तथा कार्य की समय अवधि तय होनी चाहिए।कार्य के दौरान श्रमिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रबंधन की होनी चाहिए। यदि किसी कारणवश दुर्घटना होता है तो दुर्घटनागत परिवार की जिम्मेदारी प्रबंधक को उठाना चाहिए। समारोह में संगठन के सदस्य कामरेड जे. गुरुवुलू, कामरेड चार्ली वर्गिस के साथ संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### करेंझर विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस




**गुरूर।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय करेंझर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था प्रधान चन्द्रभान सिंह निर्मलकर एवं प्राथमिक विद्यालय में दिलीप कुमार सिन्हा ने राष्ट्रध्वज फहराया। प्रभात फेरी निकाली गई। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार सिन्हा थे एवं अध्यक्षता उपसरपंच करेंझर नरोत्तम ध्रुव ने की। विशेष अतिथि बलराम गोटी, रामाधीन ध्रुव, भुनेश्वर नागवंशी, सियाराम कोर्राम, गोदावरी बाई, पंच मनोहर लाल, नरेश कुमार, दयालु राम, एनआई नकुल कोरेटी, शिशिर मरावी, स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारी उपस्थित थे। बच्चों के द्वारा रोचक नृत्य, गीत, कविता, भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डीआर साहू, दीलिप साहू, वायके साहू, डीके देवांगन, मण्डावी, दीप्ति साहू, सुनीता कौशिक, ग्राम पंचायत सचिव लक्ष्मी धुरव एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप साहू एवं हुमेंद्र कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम का समापन राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के साथ हुआ।

### शासकीय बालक विद्यालय में उत्साहपूर्वक मना गणतंत्र



**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारत के संविधान को समर्पित गणतंत्र दिवस बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम शाला परिसर में प्रभारी प्राचार्य एलके ठाकुर, सेवानिवृत व्याख्याता एमएल सिन्हा, शिक्षाविद पूर्व माध्यमिक शाला एचएल सिन्हा, कमल कुमार आलेंद्र प्रधानपाठक माध्यमिक शाला व समस्त स्कूली शिक्षकों, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर अमर शहीद नारद राम निषाद व किरण कुमार देशमुख को उनके अदम्य साहस व पराक्रम को याद किया गया। व्याख्याता लवण साहू ने बताया कि अमर शहीद किरण कुमार देशमुख व अमर शहीद नारद राम निषाद की शिक्षा अपने विद्यालय में हुई है व उन्होंने अपने जीवन काल में अदम्य साहस का परिचय देते हुए देशसेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। स्वागत भाषण व्याख्याता डीआर साहू ने दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लोकेश्वर निषाद ने तथा आभार व्याख्याता नरेंद्र कुमार पाटिल ने किया। कार्यक्रम में व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम, रामसहाय देशमुख, रामधुन ठाकुर सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

### जिला सहकारी बैंक ओटेबंद में शान से लहराया तिरंगा



**अंडा।** जिला सहकारी केंन्द्रीय मर्यादित बैंक शाखा ओटेबंद में तिरंगा शान से फहराया गया। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर राजेन्द्र यादव ने महात्मा गांधी और भारत माता के तैलचित्र पर पूजा-पाठ करके ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही सेवा सहकारी समिति गोरकापार समिति प्रबंधक बहादुर चन्द्राकर, परसदा संतराम साहू, खप्परवाड़ा बहादुर चन्द्राकर, गुरेदा रोहित देशमुख, सिर्री चन्द्रप्रकाश देशमुख, राहुद कुन्दन साहू सहित अर्जुन्दा ब्रांच के सेवा सहकारी समिति ओडारसकरी समिति प्रंबधक सुदामा शिवना, सेवा सहकारी समिति भिलाई पं. क्रं. 213 समिति समिति प्रबंधक हुकुंम साहू सहित आप आस के किसान भाई एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कर्मचारी प्रदीप देशमुख, हिरालाल नायक, राहुल चन्द्राकर, कृष्णा कुमार गुप्ता, मनीष वर्मा, लिपिक खिलेश चन्द्राकर पूर्व सरपंच खेमन चन्द्राकर, रोहित चंद्राकर सहित सभी ग्रामीणों ने धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया।

### अलोरी स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस





**गुरूर।** 26 जनवरी ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार जनों का भी सम्मानित किया गया। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्राइमरी स्कूल अलोरी में बच्चों ने एकल, सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन जीत लिया। अच्छे कार्य करने के लिए कैलाश ठाकुर का सम्मान किया। कार्यक्रम में फागू राम कुंजाम, लोकेश कुमार भास्कर, शाला प्रबंधन अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण यादव, धनी राम कांगे, कमलेश्वर नेताम, जानकी नेताम, त्रिवेणी कुलदीप, शंकुतला नेताम, गरिमा मंडावी, कुमार कुंजाम, चन्द्रहास कुलदीप, शिक्षक ओम साहू उपस्थित थे।

### शिकसा ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिकसा नमन करे मातृभूमि को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन, कार्यकम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति तथा टीकाराम सारथी हंसमुख प्राचार्य चुरतेली व सलाहकार शिकसा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यकम का शुभारंभ सरस्वती वंदना प्रतिभा त्रिपाठी, राजगीत शिवकुमार निर्मलकर व राष्ट्रीय गीत कांती यादव ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संयोजक डॉ. देवांगन ने गणतंत्र दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट कार्य के लिए सहायक प्राध्यापक रूमलाल सम्मानित

**देवरीबंगला।** 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त पीजी कॉलेज बालोद में जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय खेरथा के सहायक प्राध्यापक रुमलाल भुआर्य को जिला स्तर एवं महाविद्यालय स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला बालोद इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही संस्था में अध्ययनरत छात्र प्रशांत विनायक और छात्रा वीणा साहू को बेस्ट कैंपस एंबेसडर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए पुरस्कृत होने पर संस्था के प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी, सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार, गायत्री नेताम एवं समस्त कॉलेज स्टाफ ने बधाई दी।

### श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा पर हुए विविध कार्यक्रम



**जामगांव आर।** ग्राम धमना में भगवान श्रीराम चंद्र के अयोध्या धाम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यकम को पूरे धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम श्री रामचंद्र की शोभायात्रा निकालकर पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया। माताओं ने सिर पर कलश धारण कर प्रभु श्री रामचंद्र जी का भजन गाते हुए गलियों का भ्रमण किया, फिर मंदिर में भजन कीर्तन करते हुए प्रभु श्री रामचंद्र जी की आरती की गई। युवाओं की टोली ने शाम को ग्राम की सभी देवता देवी देवताओं में दीप प्रज्वलित कर गांव में दीपावली मनाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज सेवी ढाल सिंह साहू, प्रेम शंकर, भुवन लाल कान्हा, सत्यम, चुम्मन लाल, अंकालू राम, जोगीराम, छत्रपाल, सोनू राम, कोमल, युवराज, चौनु राम, तीरथ राम, वासुदेव, देव कुमार साहू साथ ही गांव की समस्त माताओं का एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

### श्री साई मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव दो फरवरी को



**डौण्डीलोहारा।** ब्लॉक के ग्राम ग्राम परसुली देवरी में 2 फरवरी को श्री साई बाबा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। मंदिर समिति के संचालक हरिराम साकार ने बताया कि सुबह 11 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी, दोपहर 2 बजे सत्यनारायण कथा एवं मूर्ति स्थापना होगी। शाम 4 बजे महाप्रसादी एवं भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है। उसके बाद रात्रि 8 बजे से ग्राम सिरसिदा जिला कांकेर की स्वर मानस मंडली का कार्यक्रम रखा गया है।

### बस स्टैंड व्यापारी संघ ने किया ध्वजारोहण



**गुरूर।** नगर के व्यापारी संघ द्वारा बस स्टैंड में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज सिन्हा, गुलाबचंद टावरी, भूषणपुरी गोस्वामी, ओमप्रकाश साहू, कल्याणपुरी गोस्वामी, उमेश साहू, छन्नू लाल, बंटी टावरी, बुलेश्वर सिन्हा, तोखन महमल्ला, युवराज साहू, शेषराज साहू एवं व्यापारी संघ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# किल्लेकोड़ा शासकीय विद्यालय समेत कई स्थानों पर फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्कूल किल्लेकोड़ा में संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस मनाया गया। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में अजय मुखर्जी प्राचार्य ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में एनआर शिवना ने तथा शासकीय प्राथमिक शाला में अनीता मेश्राम मैडम ने ध्वजारोहण किया।

उसके बाद छात्र-छात्राओं की टोली विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए बैंड बाजा के साथ ध्वजारोहण कराते आगे बढ़ते गए। सर्वप्रथम ग्राम पंचायत भवन में ललिता गांवरे सरपंच ने ध्वजारोहण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साहू मेडम ने, चौपाल चौक में छन्नू भंडारी ने, गांधी चौक में राजाराम तारम जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 20 ने ध्वजारोहण किया । उसके बाद रैली वापस शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पहुंची, जहां सभा का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि ललिता गांवरे सरपंच थी, अध्यक्षता केआर पिस्दा पूर्व कलेक्टर ने की। विशेष अतिथि के रूप में राजाराम तारम पूर्व शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, विरेंद्र कुल्हार्य शाला प्रबंधन समिति सदस्य, अजय मुखर्जी प्राचार्य, गुलाब बाई शर्मा सदस्य, उत्तरा बाई सदस्य ,गैंदलाल तारम सदस्य, रामेश्वरी देवी सदस्य, किरण कोलियारा, रुक्मणी सिन्हा निर्भय भंडारी सदस्य,छन्नू लाल भंडारी सदस्य ,मन्नू लाल विश्वकर्मा ,योधन लाल कोलियारा ,अशोक सिन्हा अधनसिन्हा ,वाय. एस. मरकाम वरिष्ठ व्याख्याता आदि थे। इस अवसर पर डॉक्टर साहसी को छत्तीसगढ़ शिक्षा रत्न मिलने पर ग्राम पंचायत किल्लेकोडा तथा कलार (डढ़सेना)समाज द्वारा मोमेंटो, शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही इस विद्यालय से पढ़कर शासकीय संस्था में कार्यरत 32 कर्मचारियों ने कक्षा पहली से दसवीं कक्षा तक के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। आभार प्रदर्शन मेश्राम मैडम ने किया। कार्यक्रम में सीजी पटेल व्याख्याता, जेपी बांधव, हेमेंद्र साहू, घनश्याम पटेल, खिलावन उर्वशा, टी .ठाकुर, प्रवीण मानिकपुरी, अनामिका गोयल, कुल्हार्य सर ,ललित देवहारी ,श्रवण यादव, खगेश ठाकुर तथा कुशल देवदास के साथ-साथ विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने किया दाल-भात केंद्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाना करकाभाट में 26 जनवरी को दाल–भात केंद्र का शुभारंभ किया। शक्कर कारखाना परिसर करकाभाट में शुरू किए गए इस दाल–भात केंद्र में कारखाना में आने वाले मजदूरों एवं आम नागरिकों को बहुत ही कम दर पर बेहतर खाना उपलब्ध कराया जाएगा। कारखाना के मजदूरों के द्वारा लगातार शक्कर कारखाना परिसर में दाल–भात केंद्र खोलने की मांग की जा रही थी। जिसे देखते हुए कलेक्टर ने 26 जनवरी को दाल–भात केंद्र का शुभारंभ किया है। इस अवसर पर कलेक्टर एवं गन्ना किसान संघ के पदाधिकारियों ने दाल–भात केंद्र परिसर में पौधारोपण भी किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास, गन्ना फैक्ट्री के प्रबंध संचालक आरपी राठिया एवं अन्य अधिकारियों के अलावा गन्ना कृषक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज की किरण बघेल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज की बैठक में समाज के पदाधिकारी, विभिन्न जिले से आए पदाधिकारी एवं समाज के लोगों की उपस्थिति में डॉ. किरण बघेल को कार्यकारी अध्यक्ष का जिम्मा सौंपा गया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक प्रदीप कुलदीप, महासचिव बेलादास सागर, मोहन गंधर्व कोषाध्यक्ष, ऑडिटर दिलीप सोनवानी, संरक्षक सुंदरदास कुलदीप, बी.एल. सोरी, बिनाका सूर्यवंशी, विक्रम सरित, राजेंद्र सूर्यवंशी, नरेश तांडिया, गीता सागर एवं उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर डॉ. किरण बघेल को छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया एवं मालती चौहान, बीएस सोरी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। डॉ. बघेल की लगातार राजनीतिक और सामाजिक सक्रियता को देखते हुए समाज ने यह फैसला लिया है। डॉ. बघेल को अपने समाज की पहली महिला कार्यकारी अध्यक्ष बनने मौका मिला है।

### मांग पूरी नहीं हुई तो छह फरवरी से बेमियादी हड़ताल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लघुवनोपज प्रबंधक संघ ने अपनी 2 सूत्रीय मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 902 प्रबंधकों ने 36 वर्षों से लंबित नियमितीकरण की मांग एवं वित्त विभाग से अनुमति मिलने के बाद भी प्रबंधकों को 7, 8, 9 ग्रेड-पे न मिलने के चलते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विभाग के एमडी से मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया। अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि मांग पूरी न होने पर 6 फरवरी से वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रबंधक संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई, जिसमें 2 सूत्रीय मांगों के संदर्भ में खुलकर चर्चा हुई। लघुवनोपज संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामाधार लहरे ने बताया कि प्रबंधक विगत 36 वर्षों से 14 लाख लघु वनोपज संगठनकर्ता परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं।

### केन एकेडमी इंग्लिश स्कूल में वार्षिक उत्सव आज व कल

**गुरूर।** केन एकेडमी इंग्लिश स्कूल में 29 एवं 30 जनवरी को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम दिन मुख्य अतिथि तहसीलदार गुरुर हनुमंत श्याम होंगे। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर तोषण साहू, अध्यक्ष तहसील गोंडवाना समाज उत्तरा मरकाम होंगी। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर प्रभात ध्रुव होंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष महिला विंग वीर मेला राजाराव पठार संतोषी ठाकुर, अध्यक्ष गोंडवाना सेवा समिति महेत्तर नेताम होंगे।

### बीमा राशि के साथ पीड़िता को करें वाद व्यय का भुगतान

**लाटाबोड़।** बीमा पॉलिसी की राशि देने से इंकार करना एलआईसी को महंगा पड़ गया। पीड़िता की शिकायत पर उपभोक्ता फोरम ने एलआईसी को आवेदिका को बीमा की धनराशि के अलावा वाद व्यय व मानिसक क्षतिपूर्ति की राशि पृथक से भुगतान करने आदेश जारी किया है। पीड़िता श्रीमती केशर ठाकुर पति स्व. चंद्रकांत ठाकुर ने आर्थिक सुरक्षा के आशय से एलआईसी की एंडोवमेंट पॉलिसी 23 फरवरी 2017 को क्रय किया था। जिसकी प्रीमियम राशि 1910 प्रतिमाह और बीमाधन 8 लाख रु था। बीमा धारक की मृत्यु अचानक हृदयघात से 13 मई 2017 को हो जाने पर उसकी पत्नी के द्वारा संबंधित शाखा में बीमाधन की राशि के लिए क्लेम दावा प्रस्तुत किया गया। जिसे एलआईसी के द्वारा यह कहते हुए कि, उसके पति को मधुमेह की गंभीर बीमारी थी इस कारण से बीमाधन भुगतान नहीं हो सकता। एलआईसी के जवाब के बाद प्रार्थीया ने मामले की शिकायत उपभोक्ता फोरम में दर्ज कराया। सुनवाई के दौरान उपभोक्ता फोरम ने माना कि एलआईसी का कृत्य, सेवा में गंभीर कमी तथा व्यायसायिक कदाचारण की श्रेणी में आता है। एलआईसी को मृतक की पत्नी को वह 8 लाख रु बीमाधन और आवेदन दिनांक से 7% वार्षिक ब्याज 2 लाख रु, मानसिक क्षतिपूर्ति 80 हजार रु एवं वाद व्यय के रूप में 5000 रूपये देने का आदेश पारित किया है।

## कार्यक्रम

**सेबी और एनएसडीएल के सीनियर मैनेजर ने दिया वित्तीय जागरूकता का ज्ञान**

# प्रतिभूति बाजार में जागरूक रहकर करें निवेश : जावरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

**समाधान कॉलेज में हुआ एक दिवसीय सेमिनार**



सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय एवं समाधान आईटीआई में एक दिवसीय सेमिनार क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता व वित्तीय नियोजन का परिचय विषय पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारत सरकार के भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के डिप्टी जनरल मैनेजर सत्यजीत जावरे अहमदाबाद रहे। उन्होंने कहा कि धन का विनियोजन करते समय हमें विभिन्न प्रकार की सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए। पहले यह देखना चाहिए कि जिस संस्था में हम निवेश करने जा रहे हैं, वह संस्था भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम (सेबी) के अंतर्गत आती हैं या नहीं। तत्पश्चात उस कंपनी के कार्य व प्रतिभूति की वापसी पर रिटर्न की जानकारी लेनी चाहिए। इन सभी पर संतुष्टि प्राप्त करने के उपरांत ही निवेश करें। शुरुआत के तौर पर म्युचुअल फंड में निवेश करके म्युचुअल फंड की इकाई प्राप्त कर सकते हैं। अब तक की रिपोर्ट के अनुसार म्युचुअल फंड में जुड़े हुए निवेशकों को 50 लाख करोड़ तक का फायदा प्राप्त हो चुका हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि आप अपंजीकृत क्रियाओं से बचने के लिए टोल फ्री नंबर 1930 का उपयोग करें। तत्पश्चात भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम 1992, अंश, प्रतिभूति बाजार एवं डिमैट अकाउंट आदि से संबंधित बेसिक जानकारी भी प्रदान की। आईटीआई कोपा की प्राचार्य श्रीमती आशा झा प्रतिभूति बाजार एवं व्यवहार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होने पर आभार व्यक्त किया। एनएसडीएल से सीनियर मैनेजर विक्रम झा, कोलकाता ने कहा कि भारत में रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण तथा पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण चार प्रमुख नियामक एजेंसियां हैं।

यह सभी एजेंसियां देश की नियामक व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक निधि तिवारी, संगीता अग्रवाल, प्रीति शर्मा, विनीता अग्रवाल, डॉ.जी.डी. मानिकपुरी, योगेश्वर सिन्हा,लक्ष्मीनारायण साहू, अंशु दत्ता, राजेंद्र वर्मा, आकाश हिरवानी, पीतांबर झा, पूजा सिन्हा, पूजा वर्मा, गायत्री राजपूत तथा सृजन आईटीआई से ट्रेनिग ऑफिसर संतकुमार डहरिया व देवेंद्र वर्मा उपस्थित थे।

## अंचल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस











**बेमेतरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुधेली में फहराया तिरंगा, सेवा सहकारी समिति मर्यादित सलधा में गणतंत्र दिवस पर फहराया झंडा, ग्राम पंचायत बारगांव में ध्वजारोहण, प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय मनियारी तिरंगे झंडे की रैली. पुलिस थाना बेरला।

# रुक्मिणी विवाह की भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं का मोहा मन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम मुरता में चल रहे श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ में शनिवार को श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह का प्रसंग आया। कथावाचक पं. प्रतीक चौबे ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। रुक्मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथावाचक पंडित प्रतीक चौबे ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं। उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथावाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प एवं कपट रहित

## साजा जपं में सीईओ दिनेश ने किया ध्वजारोहण



**साजा।** जनपद पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष दिनेश वर्मा ने ध्वजारोहण किया। सर्वप्रथम भारत माता की पूजा अर्चना कर राष्ट्र गान के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराया गया। कार्यक्रम में सीईओ प्रकाश मेश्राम जनपद हेमंत साहू वरिष्ठ अधिकारी धन सिंह ठाकुर विकासखंड समन्वयक सुरेश कुमार गिरिराज राजपूत महेश साहू अशोक दुबे टीकम वर्मा सहित विभाग के सभी कर्मचारी व जनपद सदस्य उपस्थित रहे।

# 12 डिग्री तक नहीं पहुंचा रायपुर में रात का तापमान नौ साल बाद बने ऐसे हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बादल-बारिश के बीच 25-26 जनवरी की रात रायपुर का तापमान 12.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस महीने का सबसे कम तापमान है। आंकड़ों की मानें, तो पिछले नौ साल में जनवरी का पारा इतना ऊपर नहीं चढ़ा, वर्ष 2014 में ही न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री तक पहुंचा था। पिछले तीन दिनों से रात में ठंड महसूस हो रही थी, मगर आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से यह कम होने की संभावना बन रही है।

- पश्चिमी विक्षोभ फिर करेगा प्रभावित

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक रायपुर में आम तौर पर ठंड जनवरी में अपना असर दिखाती है, मगर इस बार आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से ठंड सीमित दिनों में ही सिमटकर रह गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले नौ साल में रायपुर का पारा माह के अंतिम दिनों में 12 डिग्री से नीचे चला जाता है, जिससे काफी ठंड महसूस होती है। इस बार आने वाले विक्षोभ के व्यवधान की वजह से तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं हुई और 25-26 जनवरी की दरम्यानी रात शहर का पारा 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस महीने का सबसे कम तापमान था। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पिछले नौ साल में शहर का तापमान इतना अधिक नहीं हुआ था। पिछले तीन दिनों से तापमान में लगातार गिरावट आने की वजह से ठंड महसूस हो रही, मगर रविवार से इसका असर कम होता प्रतीत होगा। आने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रात के तापमान में अगले पांच दिनों में क्रमिक रूप से वृद्धि होने का दौर शुरू होगा।

**सरगुजा इलाके में अच्छी ठंड**

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पिछले तीन दिनों तक सरगुजा संभाग के कई इलाकों में शीतलहर की स्थिति बनी हुई थी। वहां का तापमान सामान्य पांच से सात डिग्री तक कम दर्ज किया जा रहा था। दो दिन से इसमें बढ़ोतरी हो रही है, मगर अभी भी वहां ठंड का प्रभाव अधिक है। आने वाली शुष्क हवा में कमी आने से वहां भी कम होती ठंड महसूस होगी।

# सर्विस रोड पर कंडम वाहनों की भरमार, महीनों बाद एक्शन मोड में पुलिस और नगर निगम की टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के सर्विस रोड में लंबे समय से कंडम वाहनों को रखकर सड़क यातायात बाधित करने वालों पर नगर निगम के नगर निवेश विभाग की टीम और यातायात पुलिस ने मिलकर कड़ाई बरती। दर्जनों कंडम वाहनों को आने-जाने के मार्ग से हटाकर टीम ने सड़क बाधा दूर की। इससे जहां आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली, वहीं सर्विस रोड का उपयोग करने आम नागरिकों को एक अरसे बाद सुगम आवागमन के लिए चौड़ी सड़क उपलब्ध हुई।

- संतोषी नगर सर्विस रोड से लंबे समय से डंप कंडम वाहनों को हटाया

नगर निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग और यातायात पुलिस ने शनिवार को सर्विस रोड की सड़क को कब्जा मुक्त करने अभियान चलाया। पचपेड़ी नाका से संजयनगर बकरा मार्केट और संतोषी नगर सर्विस रोड पर संयुक्त टीम ने सड़क बाधित कर खड़ा किए कंडम वाहनों को हटाकर सड़क की बाधा हटाई। ट्रैफिक पुलिस के वाहनों को आते देख सर्विस रोड किनारे मोटर वर्कशाप वाले अपने कंडम वाहन सड़क से हटाने लपके। कुछ लोग हैरत भरी निगाहों से सड़क पर खड़ा किए गए खटारा वाहनों को हटाते देखते रहे। वहीं कुछ वाहन चालक और राहगीर भी सुगम आवागमन के लिए चलाए जा रहे अभियान को लेकर चर्चा करते दिखे।

# चोरी के 8 वाहन व रिक्शा बरामद शातिर आरोपी दंपति गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना क्षेत्र में दोपहिया वाहन की लगातार हो रही चोरी के मामले में पुलिस ने अंतर्राज्यीय एक दंपति को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी की 8 दोपहिया वाहन और 1 ईरिक्शा बरामद किया है। आरोपी पति-पत्नी मूलतः नागपुर क्षेत्र के हैं, जो पिछले कई महीनों से भनपुरी रायपुर में रहकर दोपहिया वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे।

पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आजाद चौक क्षेत्र में पिछले कई माह से दोपहिया वाहन की चोरी हो रही थी। इस मामले की रिपोर्ट थाने में भी दर्ज कराई गई है, जिसके बाद पुलिस लगातार चोरों की तलाश में थी। इसके लिए पुलिस ने अपने मुखबिरों को अलर्ट कर रखा था। इस बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक दंपति वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा। इस सूचना पर पुलिस ने आरोपी दंपति अनमोल जनबंधु एवं उसकी पत्नी गीता को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 8 दोपहिया वाहन एवं 1 ईरिक्शा जप्त किया है। आरोपी दंपति नागपुर पिली नंदी थाना कामठी जिला नागपुर निवासी है। वर्तमान में दंपति भनपुरी के रामेश्वर नगर छट तालाब के पास निवासरत है।

**जप्त वाहन**

ई रिक्शा क्रमांक सीजी-04/एमएल-0866, प्लेजर सीजी-04/केजे-7056, हीरो होंडा स्प्लेंडर सीजी-04/डीयू-8446, हीरो होंडा स्प्लेंडर सीजी-04/एनवाय-0699, डीआइजी स्कूटी सीजी-04/एलयू-7392, अर्बन आर-15 सीजी-04/एनएस-0459, एवेंजर सीजी-04 एलएम-7559, हीरो स्प्लेंडर सीजी-04/एनवाय-7776 ।

### महिला कॉलेज निर्माण में लेटलतीफी, जिम्मेदार मौन

**बालोद।** लोक निर्माण विभाग की ओर से जिले में बन रहे पहले महिला कॉलेज निर्माण में लेटलतीफी देखी जा रही है। 14 माह की अवधि में कार्य को पूरा करने वाला फर्म आज डेढ़ साल में भी निर्माण कार्य को पूरा नहीं कर पाया है, ऐसे में निर्माण कार्य को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। जिले की बालिकाओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने जिले में महिला कॉलेज की घोषणा की गई थी। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग ने महिला कॉलेज निर्माण के लिए निविदा निकाली और नियमानुसार नाकोड़ा कंस्ट्रक्शन को निर्माण कार्य की जिम्मेदारी मिली। लेकिन उक्त फर्म को जिस समयावधि में कार्य पूर्ण करने की जिम्मेदारी दी गई थी, उससे साढ़े 6 माह अधिक हो जाने के बावजूद आज भी निर्माण कार्य फर्म द्वारा पूरा नहीं किया गया है। जानकारी के मुताबिक शासकीय कन्या महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए 4 करोड़ 55 लाख 56 हजार रूपये शासन की ओर से स्वीकृत किये गये हैं। जिसका निर्माण कार्य नाकोड़ा कंस्ट्रक्शन दल्लीराजहरा की ओर किया जा रहा है। निर्माण कार्य के लिए विभाग की ओर से संबंधित फर्म को आदेश 7 अप्रैल 2022 को किया गया है, जिसकी कार्यावधि 14 माह की है।

**ग्राम बहेरा में हुआ मस्टहा कुल का पारिवारिक सम्मेलन**

# भगवान चतुर्भुजी मंदिर का होगा नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




भगवान चतुर्भुजी के आशीर्वाद से मस्टहा ब्राम्हण कुल का पारिवारिक सम्मेलन ग्राम बहेरा में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में स्वजनों ने समाज के उत्थान व प्रगति को लेकर अपने-अपने विचार प्रकट किए। आयोजन के दौरान समाज के युवाओं को आगे बढ़ने भी प्रेरित किया गया। इस आयोजन की शुरुआत सन 2015 से परिवार के मूल गांव सलधा से किया गया था, जिसका निर्वहन प्रतिवर्ष किया जा रहा है। प्रतिवर्ष यह आयोजन अलग-अलग परिवार के गांव में किया जाता रहा है, इस वर्ष यह आयोजन ग्राम बहेरा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे हनुमान जी के पूजा-अर्चना के साथ हुआ। अतिथियों ने अपने-अपने विचार परिवार को संगठित करने और दिशाहीन हो रहे सदस्यों को दिशा देने हेतु कई तरह के विचार भी रखें जिन्हें मुख्य रूप से बहेरा परिवार के सदस्यों ने लड़कों की शादी में किसी तरह के दहेज नहीं लेने एवं शोक के कार्यक्रम को सीमित ढंग से करने का अपना संकल्प बताया। वहीं मातृशक्ति संसद में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई और अपने विचार भी रखे। मातृशक्ति संसद के उपरांत युवा संसद का आयोजन कर युवाओं को नई दशा दिशा देने एवं उनमें संस्कार की अनिवार्यता के साथ-साथ संयुक्त परिवार की आवश्यकता पर भी गंभीर विचार किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पारिवारिक सदस्यों को भगवान चतुर्भुजी की आकर्षक फोटो बहेरा मूलमुला परिवार के द्वारा भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।

- शादी में दहेज न लेने व शोक कार्यक्रम सीमित ढंग से करने का संकल्प

**मंदिर के लिए 10 लाख की घोषणा**

कार्यक्रम का मुख्य पहलू यह रहा कि भगवान चतुर्भुज जी के मंदिर के नवीनीकरण हेतु परिवार के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान देने की बात न केवल के बल्कि कार्यक्रम में घोषणा भी की। कार्यक्रम के दौरान ही लगभग 10 लाख रुपए से ज्यादा की राशि की घोषणा उपस्थित सदस्यों ने की। इसके प्रति आभार व्यक्त करते हुए हर्ष तिवारी ने कहा की निश्चित रूप से यह एक अच्छा कदम है तथा हमारे पूर्वजों के बने इस मंदिर को बेहतर रूप से सजाने एवं संवारने का काम किया जाएगा। साथ ही साथ परंपरा अनुसार आने वाले सत्र में यह आयोजन ग्राम चंदनू एवं झिरिया परिवार के द्वारा आयोजित किया जाएगा।

